अध्याय 5

सहिष्णुता और अनैतिकता

पहला कुरिंथियों की पत्री के प्रथम चार अध्याय, पौलुस का कलीसिया में विभाजन की समस्या के बारे में है। कुरिंथुस के कुछ भाईयों (4:19) के अहंकार ही कलीसिया में विभाजन का कारण बना। कलीसिया में एकता के अभाव पर चर्चा करने के बाद प्रेरित अन्य समस्याओं पर चर्चा करने लगा। इन मसीहियों ने अहंकारपूर्ण तरीके से पौलुस के अधिकार पर प्रश्न चिह्न लगाया (देखें 4:18)। पौलुस को इस समस्या को भी संबोधित करना था और उसने ऐसा ही किया।

फिर भी, उस घमण्ड के कारण जिसके द्वारा कुरिंथुस के कुछ लोगों ने पौलुस की प्रेरिताई अधिकार पर प्रश्न चिह्न लगाया था, उसी घमण्ड ने उन्हें मसीह की पवित्रता, जो उसकी देह की पहचान है, को गम्भीरता से न लेने के लिए उकसाया। जबकि परमेश्वर पर आधारित नैतिक प्रणाली ही उसकी सेवा करने की प्राथमिकता है, लेकिन हमारे सम्मुख ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिसमें पौलुस कुरिंथुस वासियों के साथ नैतिक विषय पर वाद-विवाद करता हुआ दिखाई दे। फिर भी, अब एक गम्भीर समस्या प्रेरित के ध्यान में लायी गई है। एक व्यक्ति जिसने अपनी पहचान कलीसिया के सदस्य के रूप में की है, जिसके साथ कुरिंथुस के विश्वासी सहभागिता करते थे, वह अपने पिता की पत्नी के साथ अनैतिक जीवन जी रहा है। यह सुनकर पौलुस भौंचक्का रह गया।

इस व्यक्ति का व्यवहार अक्षम्य है, और पौलुस शब्द रहित रह गया जब उसने जाना कि कलीसिया इस व्यक्ति को अभी तक बर्दाश्त कर रही है। पूरी कलीसिया इस संदर्भ में असफल रही है।

पाप का शुद्धिकरण (5:1-5)

[1]यहाँ तक सुनने में आता है कि तुम में व्यभिचार होता है, वरन् ऐसा व्यभिचार जो अन्यजातियों में भी नहीं होता कि एक मनुष्य अपने पिता की पत्नी को रखता है। [2]और तुम शोक तो नहीं करते, जिससे ऐसा काम करनेवाला तुम्हारे बीच में से निकाला जाता, परन्तु घमण्ड करते हो। [3]मैं तो शरीर के भाव से दूर था, परन्तु आत्मा के भाव से तुम्हारे साथ होकर मानो उपस्थिति की दशा में ऐसे काम करने वाले के विषय में यह आज्ञा दे चुका हूँ [4]कि जब तुम और मेरी आत्मा, हमारे प्रभु यीशु की सामर्थ्य के साथ इकट्ठे हो, तो ऐसा मनुष्य हमारे प्रभु यीशु के नाम से [5]शरीर के विनाश के लिये शैतान को सौंपा जाए, ताकि उसकी आत्मा

प्रभु यीशु के दिन में उद्धार पाए।

आयत 1. पौलुस इस पाप के बारे में केवल सामान्य वार्तालाप नहीं करना चाहता था। उसके पाठकों के लिए इस विषय का परिचय मानो एक वज्र के समान था। यहाँ तक वास्तव में सुनने को आता है, उसने प्रारंभ किया। जिन लोगों ने उद्धारकर्ता और मुक्तिदाता यीशु मसीह के नाम की ओढ़नी ओढ़ी थी वे खुले आम **अनैतिकता** का समर्थन कर रहे थे जिससे अन्य जाति भी शर्माते थे। पौलुस ने पुरूष, स्त्री या दोनों को ही संबोधित नहीं किया। उसका दुःख कलीसिया से था। दिखावे का ज्ञान और चालाक वाद-विवाद के द्वारा, कुरिंथुस के मसीहियों ने इस प्रकार के शर्मनाक व्यवहार को बर्दाश्त कर, यह स्वीकार किया था कि वे मसीह के बारे में कितना जानते हैं।

प्रेरित का ध्यान उस व्यक्ति को दण्ड देने की ओर केन्द्रित हो गया जो पाप में जीवन जी रहा था और उस कलीसिया की ओर भी जो इस प्रकार के व्यक्ति को बर्दाश्त कर रही थी; वह स्त्री के बारे में कुछ भी नहीं कह रहा था। हो सकता है कि उसको इस कार्य में जबरन फंसाया गया हो, या फिर वह अविश्वासी हो सकती है। पुरूष, एक मसीही व्यक्ति था जो ऐसा पापमय जीवन जी रहा था **जो अन्यजातियों में भी नहीं होता है**। अपनी प्राथमिक चिंता व्यक्त करते हुए, पौलुस ने कलीसिया के उन सदस्यों को संबोधित किया जो इस पाप को देखते हुए भी उसको संबोधित नहीं कर रहे थे।

मूसा की व्यवस्था में इस प्रकार के पाप के बारे में बड़े ध्यान से लिखा गया है (लैव्यव्य. 18:8; 20:11; व्यव. 22:30; 27:20)। कभी-कभी यूनानी समाज में इस प्रकार का पाप दिखाई देता था लेकिन आमतौर पर वे इस प्रकार के पापों से घृणा करते थे। जब यह सुझाव कि यूनानी समाज में इस प्रकार के पाप की स्वीकृति थी, निराधार है। फिर भी, मूर्तिपूजकों की नैतिकता का शिथिल स्तर होने के बावजूद भी, कलीसिया ने इस व्यक्ति को, जिसका उसके पिता की पत्नी के साथ अनैतिक संबंध था, उसको बर्दाश्त कर अपने अच्छे नाम पर दाग लगा दिया था।

संभवतः पौलुस ने खलोए के घराने के लोगों से यह सुना था कि कुरिंथुस में एक मसीही व्यक्ति है जो अपने पिता की पत्नी के साथ अनैतिक लैंगिक संबंध में बनाए हुए है (1:11), या फिर उसने उस प्रतिनिधि मंडल से सुना था जिसका वर्णन 16:17 में पाया जाता है। पौलुस के शब्दों में निराशा और अविश्वास दिखाई देता है। कोई भी इस बात का अंदाजा लगा सकता है कि जब वह इस पत्री को लिख रहा था तो यह विचार उसके मस्तिष्क में किस तरह दौड़ रहा था। "मुझे इसका सामना करना है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि वे इस प्रकार की अनैतिकता का पक्ष ले रहे हैं।" प्रेरित को ऐसा लग रहा था मानो वह उनके पास "एक छड़ी लेकर" आता हो (4:21)। उसने कहा, "क्या तुम्हें आश्चर्य हो रहा है कि मैंने इतने कठोर शब्दों का प्रयोग किया है, मैं तुम्हारे पास छड़ी लेकर क्यों आना चाहता था? मैं तुम्हें बता दूँ कि तुम्हारे बीच में क्या हो रहा है। मसीह की देह

अनैतिकता के कारण अशुद्ध हो रही है - और, इससे भी बुरी बात यह है कि तुम इसे यूँ ही लेते हो!"

प्रेरित का **अपने पिता की पत्नी** से क्या तात्पर्य है, स्पष्ट नहीं है। यदि वह स्त्री उसकी स्वयं की माँ होती तो प्रेरित अवश्य इसका वर्णन करता। हो सकता है पौलुस "उस व्यक्ति के पापों से लड़ रहा था जो अपनी माँ से नहीं बल्कि सौतेली माँ के साथ लैंगिक संबंध बनाए हुए था।"[1] उस व्यक्ति की अपनी माँ, अर्थात उसके पिता की प्रथम पत्नी, संभवतः मर चुकी होगी। संभवतः उसके पिता ने एक जवान स्त्री, जो शायद उसके पुत्र की समान आयु का हो, से विवाह किया होगा। क्या यह पुत्र अपने पिता के घर में कभी-कभी ठहरता था? क्या उसने अपने पिता की पत्नी को सम्मोहित किया था और उनके रिश्तों को तोड़ा था? क्या उस व्यक्ति के पिता का देहांत हो चुका था? क्या कोई ऐसा भावनात्मक घटना घटी थी जिसके कारण इस अनैतिकता का जन्म हुआ था?

अंत में, इस संबंध का थोड़ा असर दिखता है; यह दुष्टता थी और अक्षम्य था। हो सकता है कि ऐसा व्यवहार कोई भी मूर्तिपूजकों से उम्मीद करे, लेकिन कलीसिया एक पवित्र समाज था जो परमेश्वर के नाम से जानी जाती थी।

बाद में पौलुस ने उस व्यक्ति को जो अपने पिता की पत्नी के साथ रहता था, πόρνος *(पोरनोस)* व्यभिचारी कहा। πόρνη *(पोरने)* एक वेश्या को कहा जाता था। यूनानी शब्द πορνεία *(पोरनेय्या)* का तात्पर्य वेश्या द्वारा प्रदान किए जाने वाला सेवाओं का प्रयोग करना है। नए नियम में, विस्तृत रूप से इस शब्द का प्रयोग विभिन्न प्रकार के लैंगिक अनैतिकता (व्यभिचार) के लिए प्रयोग किया गया है। यूनानी यहूदी नैतिक शास्त्रियों के समान नए नियम के लेखकों ने *पोरनेय्या* शब्द का प्रयोग किया है। उन्होंने इस शब्द का प्रयोग किसी भी प्रकार के विवाह के बाहर होने वाले लैंगिक अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग किया है। अतः इस शब्द का प्रयोग अगम्यागमन, वेश्यावृति, और समलैंगिकता के लिए प्रयोग किया जा सकता है।[2]

नया नियम वास्तविक घटना और अनुभव के आधार पर नैतिकता पर चर्चा करती है। कलीसिया उस विश्वास को खोजने की प्रक्रिया में लगी थी जिसमें नैतिकता की अहम भूमिका थी। पौलुस ने योजनाबद्ध तरीके से हर एक नैतिक परिस्थिति, अच्छी हो या बुरी, जिससे मसीहियों का सामना होता है, ऐसी सूची बनाने का प्रयास नहीं किया। बल्कि, उसने और दूसरे नए नियम के लेखकों ने नैतिकता को उन लोगों का सामना करने के बाद लिखा जो अपने आपको पाप के अधीन कर रहे थे। कभी-कभी तो वे बड़े धैर्यवान और विनती करते हुए दिखाई देते हैं, तो कभी-कभी बहुत अपेक्षा भी करते हैं। जैसे ही उनका पाप से सामना हुआ, उसी समय उन्होंने उसका निवारण किया।

कुरिंथ की कलीसिया, इस व्यक्ति के मामले में जो पाप में जीवन बिता रहा था और अपने पिता की पत्नी के साथ रह रहा था, उसके संबंध में परमेश्वर द्वारा दिए गए नैतिक स्तर पर जीने में असफल रही थी। आज की कलीसिया की असफलता में भी इसी प्रकार का नमूना दिखाई देता है। कलीसिया की नैतिकता

ही इस संसार में उसकी प्रतिष्ठा निर्धारित करती है। यदि मसीही लोग अनैतिक जीवन जीते हैं तो इस संसार में उनका सुसमाचार प्रचार का कोई प्रभाव नहीं होता है। मसीही नैतिकता और मसीही सिद्धांत एक साथ जुड़े हुए हैं। भक्तिपूर्ण जीवन, मसीह को परमेश्वर का पुत्र जानकर अंगीकार करने से प्रारंभ होता है।

आयत 2. पौलुस ने इस विषय को अविश्वास की स्थिति में संबोधित किया। वे इस प्रकार की शर्मनाक व्यवहार को कैसे उचित ठहरा सकते थे**?** क्या उन्होंने पाप को अनदेखा करके अपने आपको अधिक बुद्धिमान समझा**?** क्या वे घमण्डी हो गए थे (πεφυσιωμένοι, *पेफूसीओमेनोई;* 5:2) और "फूल गए थे" ["puffed up" (KJV)]? क्या उन्हें इस अभक्ति कार्य के लिए **शोक** नहीं करना चाहिए था? क्या संगी विश्वासी के अनैतिकता के कारण उनके सिर शर्म से झुक नहीं जाना चाहिए था? क्या **जिस व्यक्ति ने ऐसा कार्य किया था** उसको उनके बीच से निकाल नहीं देना चाहिए था?

यदि कलीसिया इस अनैतिक भाई को उसके व्यवहार का लेखा देने के लिए संबोधित करती तो यह परमेश्वर द्वारा प्रदान किए गए ज्ञान के अनुसार ही होता (1:30)। लोगों के नैतिकता का ईश्वरीय आदर्श ग्रहण करने का परिणाम ज्ञान होता है। जिस प्रकार की स्थिति बनी हुई थी उसके अनुसार कुरिंथुस के मसीही लोग अपने चारों ओर रहने वाले मूर्तिपूजकों के स्तर का भी जीवन नहीं जी रहे थे। स्तिथि के अनुसार, घमण्ड के कारण कलीसिया का विभाजन और इस व्यक्ति को स्वीकार करने के बजाय विलाप और पश्चाताप अधिक उचित होता। यदि सचमुच वे पश्चातापी होते तो मसीही समुदाय इस प्रकार के व्यवहार को स्वीकार नहीं करते। जो व्यक्ति पापमय जीवन व्यतीत कर रहा था उसको वे **अपने बीच में से निकाल देते**।

आयत 3. यद्यपि पौलुस को व्यक्तिगत् रूप से इस कलीसिया में आकर समस्या का समाधान करने में कठीनाई हो रही थी**,** लेकिन उसके बावजूद आत्मा में वह उनके साथ था। **शरीर के भाव से तुमसे दूर परंतु आत्मा के भाव से मैं तुम्हारे साथ हूँ** से प्रेरित के तात्पर्य को अलग-अलग तरीके से समझा जा सकता है। क्या जो उपदेश वह कलीसिया को दे रहा था वह उसके व्यक्तिगत् अनुपस्थिति और व्यक्तिगत् शिक्षा का विकल्प था? संभवतः हो सकता है**,** लेकिन यह शब्द और भी अधिक प्रभाव डालता है।

5:3 में "मैं" (ἐγώ, *इगो)* और 5:2 में "तुम" (ὑμεῖς, *हुमेईस)* प्रयोग करके प्रेरित उन्हें यह सूचित करना चाहता था कि उनको दण्ड देने के लिए उसको स्वयं उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। पौलुस हृदय और मन से कुरिंथुस में उनके साथ है। वह उनके कलीसिया में अदृश्य मेहमान था। पौलुस ने कहा कि **यदि वह वहाँ होता तो वह पहले ही उस व्यक्ति को जिसने पाप किया था, दण्डित कर चुका होता।** मसीह का प्रेरित होने के नाते, पौलुस ने स्पष्ट किया कि विश्वास में जीवन जीना नैतिक मांग और ज़िम्मेदारी शामिल है।

आयत 4. पहला कुरिंथियों 5:4 की अनुवाद में भिन्नता पाई जाती है क्योंकि यह समझना कठिन है कि **हमारे प्रभु यीशु के नाम से**, का तात्पर्य क्या है।

NRSV, आयत 4 को आयत 3 के साथ मिलाकर अनुवाद करता हैः **"**मैंने पहले ही उस व्यक्ति पर जिसने ऐसा कार्य किया है, प्रभु यीशु के नाम से दण्ड देने की घोषणा कर दी है" (5:3, 4)। NIV इस वाक्यांश को कलीसिया से जोड़ता है और यह अनुवाद प्रस्तुत करता हैः "जब तुम इकट्ठे होते हो … , और प्रभु यीशु की सामर्थ उपस्थित रहती है।" NASB का वाक्यांश, पौलुस के निर्णय को स्पष्ट करता है कि इस पापी को शैतान को सौंप दिया जाए। यह अनुवाद इस प्रकार कहता है, "हमारे प्रभु यीशु के नाम से," **जब तुम इकट्ठे होते हो …** । भिन्नता अधिक नहीं है, परंतु पौलुस का निर्णय कि उसने उस व्यक्ति का न्याय पहले ही कर दिया है (5:3) NRSV के पक्ष में जाता है।

हमारे प्रभु यीशु की सामर्थ्य वाक्यांश से क्या परिवर्तन होता है, इसको लेकर प्रश्न उठता है। क्या पौलुस "प्रभु यीशु की सामर्थ्य" से आत्मा में वहाँ उपस्थित था या फिर इस वाक्यांश को पाप में जी रहे व्यक्ति को शैतान के हाथ सौंपने से जुड़ा हुआ है? इस प्रश्न के अधिकांश भाग में तकनीकी समस्या है, लेकिन इस आयत और इसके बाद के आयतों का आशय स्पष्ट है। पौलुस प्रेरित का अधिकार जब यीशु के नाम से जुड़ जाता है, तो विश्वासियों की देह में संगीन अनैतिकता की स्वीकारोक्ति बिल्कुल असहनीय है।

आयत 5. केवल यहाँ और 1 तीमुथियुस 1:20 (हुमिनयुस और सिकंदर) में पौलुस ने कलीसिया को यह निर्देश दिया कि ऐसों को **शैतान के हाथों सौंप दिया जाए**। इन शब्दों का चाहे कुछ भी अर्थ क्यों न लगाया जाए, पौलुस ने स्पष्ट रूप से यह इच्छा प्रकट की कि पाप करने वाले को परमेश्वर के लोगों की संगति, कलीसिया से अलग कर दिया जाए। कलीसिया वह क्षेत्र है जिसमें मसीह अपने आपको लोगों के विश्वास और व्यवहार में स्पष्ट करता है। इस संसार में मसीह की देह के बाहर का क्षेत्र शैतान का क्षेत्र है।

शैतान के हाथों में उसको सौंपने से **उसके शरीर का विनाश कैसे होगा?** इस तथ्य पर विश्वास करना कठिन होगा कि पौलुस ने शैतान को परमेश्वर का अनुशासनकर्ता समझा। वह निश्चित रूप से यह नहीं कह रहा था कि शैतान उस व्यक्ति को ठीक करेगा **ताकि उसकी आत्मा प्रभु यीशु के दिन में उद्धार पाए**। संभवतः पौलुस का यह आशय था कि परमेश्वर के लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध न होने से पाप में सराबोर होने के द्वारा पाप का विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट हो जाएगा। जब एक व्यक्ति शैतान के हाथों में सौंपा जाता है, जब कलीसिया के साथ उसकी संगति रोक दी जाती है, तब उस पर अपने पापों का सीधा सामना करने का दबाव बढ़ जाता है। इस प्रकार, इस तरह का व्यवहार करने वाले को "शैतान के हाथों सौंपने" का उद्देश्य - उद्धार का उद्देश्य प्राप्त करना है। जब यह व्यक्ति अपने पापों की गंदगी देखेगा, तो इसका परिणाम उसके शरीर की इच्छा जो उसके अनैतिक व्यवहार की जड़ है, उसकी समाप्ति होगी। जब शैतान परमेश्वर के अनुशासनकर्ता के रूप में कार्य करता है तो वह अपनी इच्छा से नहीं करता है। पाप अपने आप ही फलता है और दुःख जन्म देता है ताकि पाप का अप्रिय परिणाम किसी को भी उसके आपे में आने का कारण ठहरे (लूका 15:17)।

कुछ लोगों का मानना है कि शरीर का विनाश वास्तविक शारीरिक विनाश को इंगित करता है (जैसे हनन्याह और सफीरा के साथ प्रेरित 5:1-11 में और इलीमास के साथ प्रेरित 13:8, 11 में हुआ था)। यदि ऐसी बात है तो शारीरिक बीमारी और पाप का सीधा संदर्भ होगा, यह एक ऐसी शिक्षा होगी जिसका बाइबल की शिक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है (उदाहरण के लिए देखें यूहन्ना 9:3)। यह अधिक स्पष्ट हैः कलीसिया का अनुशासन केवल धर्मी क्रोध को प्रगट करना नहीं है। यह तो पापी को न्याय के दिन पुनः प्रभु के लिए जीतने के लिए है।

कलीसिया को शुद्ध करना (5:6-8)

कलीसिया को जल्दी और निर्णायक रूप से कार्य करने के आदेश दे दिए गए हैं। प्रेरित ने फसह को मसीह के छुटकारा देने के संदर्भ में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। पौलुस ने कलीसिया से आग्रह किया कि वे इस व्यक्ति को अनुशासित करें जो पाप मय जीवन जी रहा है। मसीह की कलीसिया के लोग जो मसीह के लहू से पवित्र किए गये हैं, उन्हें ऐसा जीवन जीना चाहिए जैसा परमेश्वर ने उन्हें बनाया है। मसीह की कलीसिया की पवित्रता उन लोगों के लिए जो मसीह को लिए फिरते हैं, भक्तिपूर्ण जीवन जीने के द्वारा प्रतिबिंब होता है।

6तुम्हारा घमण्ड करना अच्छा नहीं; क्या तुम नहीं जानते, कि थोड़ा सा खमीर पूरे गूंधे हुए आटे को खमीर कर देता है। 7पुराना खमीर निकाल कर, अपने आप को शुद्ध करो: कि नया गूंधा हुआ आटा बन जाओ; ताकि तुम अखमीरी हो, क्योंकि हमारा भी फसह जो मसीह है, बलिदान हुआ है। 8सो आओ हम उत्सव में आनन्द मनावें, न तो पुराने खमीर से और न बुराई और दुष्टता के खमीर से, परन्तु सीधाई और सच्चाई की अखमीरी रोटी से।

आयत 6. विनम्रता पश्चाताप के लिए पूर्वपेक्षित है। कुरिंथुस वासियों के अहंकार और पौलुस के विरूद्ध शिकायत ही उनके विभाजन का कारण हुआ। जब इन भाईयों का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए था तब उन्होंने अहंकार से भरकर अपने सिर ऊँचे किए। अहंकार, शर्मिंदगी, डींग मारना, और विनम्रता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। पौलुस ने अपना दण्डाज्ञा स्पष्ट किया: **तुम्हारा घमण्ड करना अच्छा नहीं है।** कलीसिया के एक ऐसे व्यक्ति के पाप को कि जो अपने पिता की पत्नी के साथ अनैतिक संबंध बनाता है, को अनदेखा करना, वह कलीसिया का अहंकार और घमण्ड का प्रतीक है, जो कलीसिया में घुस आया है (1:29; 3:21; 4:6, 18; 5:2; 8:1)। घमण्ड, अंतर्विमोचन और विनम्रता के लिए बाधा है, यह पश्चाताप के लिए आवश्यक है। घमण्ड, कलीसिया को इस संसार के सदृश्य बनाता है; यह मसीह के नाम का अनादर करता है और विश्वासियों को प्रभु के आशीषों से वंचित करता है।

पौलुस ने अपनी बात का स्पष्टीकरण रसोई घर का उदाहरण देकर किया।

थोड़ा सा खमीर मिला गूँधा आटा पूरे गूँधे आटे को चुपके और तीव्रता से खमीरा कर देता है। उसने कहा, **थोड़ा सा खमीर पूरे गूंधे हुए आटे को खमीर कर देता है**। यीशु ने खमीर के बारे में सकारात्मक बातें की हैः स्वर्ग का राज्य खमीर के समान है जिस को किसी स्त्री ने लेकर तीन पसेरी आटे में मिला दिया और होते होते वह सब खमीर हो गया (मत्ती 13:33); लेकिन दुष्टता भी, खमीर के समान फैल जाता है। जबकि मसीह ने अपने लोगों को पवित्र जीवन जीने के लिए स्रोत प्रदान किए हैं, परंतु वहाँ भी पाप दुबका रहता है, जो उन पर आक्रमण करने के लिए तैयार रहता है। विश्वासयोग्य मसीहियों की संगति में, संघर्ष कर रहे शिष्यों को सहारा मिलता है और दुष्ट का सामना करने के लिए वे तैयार रहते हैं। जब पाप को कलीसिया में खुला हुआ द्वार मिलता है, वह इसे कमज़ोर करती है; तब अभक्ति फैलता है। कलीसिया के सदस्य एक दूसरे के साथ नज़दीकी से जुड़े रहते हैं। किसी का भी पाप उसका अपना नहीं है। एक प्रकार से जितने लोग मसीह के कहलाते हैं, वे अपने भाई का ध्यान रखने वाले हैं (देखें उत्पत्ति 4:9)। एक व्यक्ति का पाप देह में उसी तरह फैलता है जैसे थोड़ा गूँधा हुआ आटा पूरे आटे को खमीरा कर देता है।

कुरिंथुस की कलीसिया में उपजी समस्या के कारण प्रेरित दुःखी हुआ होगा, लेकिन उसके बाद भी उसने लोगों की गलतियों का सामना किया और उन्हें पश्चाताप करने का आह्वान दिया। परमेश्वर के राज्य में जब कार्यकर्ता लोगों के नासमझ या मसीह उनसे क्या चाहता है, को ठीक से समझ नहीं पाते हैं, तौभी उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। यीशु और यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के समान, पौलुस ने भी पाप से कभी भी समझौता नहीं किया। न ही जब उसने लोगों को अनैतिकता का दोषी पाया या झूठे सिद्धांतों का शिकार होते हुए पाया तो यूँ ही छोड़ दिया। सीमा के अंदर, मसीही होने का तात्पर्य व्यवहारिक होना है। फ्रांसिस सैफर ने लिखा,

> मुझे दृढ़ विश्वास है कि कई अद्भुत चीजें नष्ट हो गई हैं क्योंकि लोगों के मस्तिष्क में एक पूर्वनिर्धारित आदर्श और रोमांचित करने वाली धारणा बैठ गई है, जो कि सही चीज़ के रूप में होनी चाहिए थी, और वे किसी और को स्वीकार नहीं करेंगे, तथा यह उस चीज़ को नाश कर देता है जो वह हो सकती थी।[3]

आयत 7. जो व्यक्ति अपने पिता की पत्नी के साथ रहता था वह पाप का पुराना खमीर है जिसे कुरिंथुस की कलीसिया से शुद्ध करने की आवश्यकता थी। मसीह के सदृश्य होने का तात्पर्य यह है कि कलीसिया का शुद्धिकरण होना चाहिए और उसे नया बनाया जाना चाहिए। पौलुस ने इन विश्वासियों से आग्रह किया कि जो देह मसीह ने बनाई है वह वैसी ही होनी चाहिएः अर्थात एक पवित्र लोगों का समाज जो शरीर की अभिलाषाओं से ऊपर हो। **मसीह हमारा फसह** इसलिए मरा ताकि वह एक पवित्र लोगों के समाज की स्थापना करे जो परमेश्वर को महिमा दे सके।

NASB अनुवाद में आयत 7 में "मेमना" शब्द प्रयोग नहीं किया गया है, लेकिन पौलुस ने यीशु को "हमारा फसह" कहा और यह भी जोड़ा कि वह "बलिदान हुआ है।" प्रेरित यह कह रहा था कि क्रूस पर चढ़ाए गए मसीह, फसह की रात्रि के मेमने के अनुरूप था। तकनीकी रूप से, फसह का बलिदान, भेड़ या बकरी का बच्चा या मेमना हो सकता है (निर्गमन 12:5), लेकिन यह आमतौर पर मेमना होता था। फसह का मेमना, मसीह पर दृष्टि करने के दो अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। सर्वप्रथम, एक मेमना *जिसका यह सुझाव प्रस्तुत किया जाता है कि वह निर्दोष हानि रहित है।* हालांकि, यीशु, फसह का बलिदान हमेशा परमेश्वर का निर्दोष मेमने की अवधारणा प्रस्तुत नहीं करता है। यह आमतौर पर, अपने दूसरे चित्र में, *पाप के लिए स्वयं के बलिदान की घोषणा करता है,* या पाप के विरूद्ध परमेश्वर के क्रोध को शांत करना है। इस विचारधारा के अनुसार जब परमेश्वर उन लोगों पर जो "सुसमाचार को नहीं मानते हैं" (2 थिस्स. 1:8) न्याय करता है तो विश्वासयोग्य लोगों के पापों छोड़ देता है। जब कि यूहन्ना और पतरस दोनों ने ही यीशु को "मेमना" करके संबोधन किया है (यूहन्ना 1:29, 36; प्रका. 5:6; देखें 1 पतरस 1:19), लेकिन इन दोनों ने सीधा-सीधा उसे फसह का मेमना नहीं बताया है। तब यह सोचना कि हर संदर्भ में फसह का अर्थ यीशु को "मेमना" समझना एक भूल हो सकती है।

इस अनुच्छेद में, जैसे निर्गमन 12:46 और यूहन्ना 19:36 में उल्लेखित है, वास्तव में प्रभु को ही फसह का मेमना समझा गया है। NIV और NRSV दोनों 5:7 के अनुवाद में "मेमना" शब्द का उचित प्रयोग करते हैं।

आयत 8. प्रेरित, फसह के पर्व का उल्लेख कर रहा है। यह आनंद और उत्सव का अवसर होता है, जिसे यहूदी समुदाय एक लोगों की समूह के उदय के रूप में देखता है। पौलुस के प्रथम पाठकों ने यहाँ इसमें घोर विरोधाभास समझा होगाः इस पर्व के दौरान विश्वासियों का सौहार्द स्वयं-कृपालु दुष्टता उस तरह नहीं था, जैसे डायनियसस या साइबेले का सम्मान करने वाले मूर्तिपूजकों के उत्सवों की विशेषता हुआ करती थी। इसी प्रकार का विरोधाभास हमारे संसार में आज भी पाया जाता है जब एक मसीही, संगति के मेज़ पर, साथी मसीही भाई बहनों की सद्भावना की तुलना बाररूम में हुए विवाद से करता है। **उत्सव में आनंद मनावें** का तात्पर्य कलीसिया में, आराधना में और कलीसिया के जीवन में, एक दूसरे से सहभागिता करना है। इस उत्सव की प्राथमिक बात यह है कि स्थानीय कलीसिया एकता के सूत्र में बंध जाए जो सामान्य पापांगीकार, पवित्रता के प्रति समर्पण, आशा, और संगति से स्पष्ट है।

फसह के अवसर की अखमीरी रोटी, मसीही और मूर्तिपूजकों के उत्सव के बीच अंतर दिखाता है। **खमीर, बुराई और दुष्टता** का **सीधाई और सच्चाई की अखमीरी रोटी** में मिलावट का रूपक है कि एक व्यक्ति अपने पिता की पत्नी के साथ रहता है जो कि पुराने भ्रष्ट जीवन में भी ऐसा नहीं पाया जाता था। नए जीवन में तो इस प्रकार की जीवन के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। "खमीर" का खतरा और "पर्व मनाने" का विचार जमा हुए कलीसिया पर लागू

होता है। लगातार एकत्रित होने के द्वारा ही कलीसिया एक साथ बनी रहती है। पौलुस ने इस बात को निम्न शब्दांश से प्रकट किया है, "जब तुम इकट्ठे होते हो" (5:4), "जब कलीसिया में इकट्ठे होते हो" (11:18), और जब "कलीसिया एक जगह इकट्ठी हो" (14:23)।

"सीधाई और सच्चाई की अखमीरी रोटी," जो कलीसिया के उत्सव के "भोज" के साथ जुड़ी हुई है, ने पौलुस और उसके पाठकों को प्रभु भोज का स्मरण दिलाया होगा। प्रेरित का यह उद्देश्य हो सकता है कि वह भक्तिपूर्ण जीवन शैली जो "भोज" का अवलोकन करके सामने आया होगा, मूर्तिपूजकों के धार्मिक पर्व से अलग करना था। प्राचीन लेखकों ने भ्रष्ट आचरण को ईश्वरों को सम्मान देने वाले पर्व से जोड़ा है।[4] "हमारा भोज" और "उनका भोज" के बीच अंतर के द्वारा पौलुस ने उदाहरण के रूप में भाईयों को चेताया कि वे ईश्वरीय लोग हैं जो मसीह के भोज में सहभागी होने के लिए उसके अनुयायियों के रूप में बुलाया गया है। प्रभु भोज में अखमीरी रोटी का प्रयोग का उललेख इस अनुच्छेद में मिलता है। नया नियम कहीं भी सीधे तौर पर यह नहीं बताता है कि प्रभु भोज में अखमीरी रोटी का प्रयोग किया गया था। फिर भी, यीशु ने फसह के समय इस विधि की स्थापना की थी, यह वह समय था जब यहूदी लोग अखमीरी रोटी प्रयोग करते थे (निर्गमन 12:8)।

निर्देशों का स्पष्टीकरण करना (5:9-13)

कुरिंथुस के मसीहियों को उस व्यक्ति के संदर्भ में जो अपने पिता की पत्नी के साथ रह रहा था, डांटने और उपदेश देने के बाद, पौलुस ने अपने पिछली पत्री का संदर्भ दिया जिसे उसने उन्हें पहले लिखा था। स्पष्ट रूप से, इस पत्री में उसने जिस विषय पर चर्चा की थी उसको उन्होंने ठीक से नहीं समझा। चूँकि उनके ना समझ के कारण जो वर्तमान परिस्थिति उपजी है, इसलिए प्रेरित ने अपने उपदेश की यहाँ व्याख्या की है। उसने यह बताया कि उसकी पिछली पत्री वर्तमान आदेश के साथ जुड़ी हुई है कि कलीसिया अपने सदस्यों की अनैतिकता को बर्दास्त न करे।

[9]मैं ने अपनी पत्री में तुम्हें लिखा है कि व्यभिचारियों की संगति न करना। [10]यह नहीं कि तुम बिलकुल इस जगत के व्यभिचारियों, या लोभियों, या अन्धेर करनेवालों, या मूर्तिपूजकों की संगति न करो; क्योंकि इस दशा में तो तुम्हें जगत में से निकल जाना ही पड़ता। [11]पर मेरा कहना यह है कि यदि कोई भाई कहलाकर, व्यभिचारी, या लोभी, या मूर्तिपूजक, या गाली देनेवाला, या पियक्कड़, या अन्धेर करनेवाला हो, तो उसकी संगति मत करना; वरन् ऐसे मनुष्य के साथ खाना भी न खाना। [12]क्योंकि मुझे बाहरवालों का न्याय करने से क्या काम? क्या तुम भीतरवालों का न्याय नहीं करते? [13]परन्तु बाहरवालों का न्याय परमेश्वर करता है। इसलिये उस कुकर्मी को अपने बीच में से निकाल दो।

आयत 9. पौलुस ने जिस पिछली पत्री का संदर्भ दिया है वह अब नए नियम में संरक्षित नहीं है। यहाँ पर इस पत्री के संक्षिप्त विवरण के अलावा मसीही लोग इसके बारे में अधिक कुछ भी नहीं जानते हैं। अनुमान लगाया जाता है कि पौलुस ने इसे इफिसुस से लिखा था। यदि ऐसा है, तो जिस पत्री को हम "1 कुरिंथियों" कहते हैं, पौलुस ने उसे इफिसुस में एक वर्ष या इससे अधिक समय व्यतीत करने के पश्चात् लिखा होगा। पिछली पत्री में, पौलुस ने कुरिंथुस के मसीहियों को लैंगिक अनैतिकता में संलग्न होने से बचने के लिए आग्रह किया था अर्थात उन्हें इस प्रकार के व्यवहार को हल्के में नहीं लेना चाहिए था। उनको पाप को मामूली मामला समझकर यूँ ही नहीं छोड़ देना चाहिए। पिछली पत्री और 1 कुरिंथियों दोनों में, पौलुस को राज्य की सीमा रेखा की चिंता थी। जब कलीसिया अपनी आराधना का क्षेत्र बढ़ाती है, तो इसका आशय यह है कि वह इसकी स्वीकृति भी बढ़ाती है और उसको मान्यता भी प्रदान करती है। कलीसिया मसीह की देह है। जो भी स्वीकृति यह प्रदान करती है वह मसीह की स्वीकृति दर्शाती है। कलीसिया की सीमा उसके विश्वास का अंगीकार करने और जिस प्रकार का जीवन यह बिताती है, इसके द्वारा निर्धारित किया जाता है। जब विश्वासी लोग खुलकर **अनैतिक लोगों के साथ मिलते हैं,** तो कहीं पर यह समूह मसीह से संबंधित कलीसिया नहीं होती है।

प्रेरित का पिछली पत्री का संदर्भ देने से, इसके प्रेरणा और केनन पर प्रश्न चिह्न उठता है। जो कुछ भी प्रेरित ने लिखा क्या वह पवित्र आत्मा की प्रेरणा से लिखा गया था? उसकी कुछ पत्रियों को नए नियम में क्यों शामिल किया गया और अन्य को छोड़ दिया गया? जबकि कोई भी इन प्रश्नों का निश्चित उत्तर नहीं दे सकता है, लेकिन कुछ तथ्य स्पष्ट हैः (1) पतरस, पौलुस, लूका, यूहन्ना, और अन्य नए नियम के लेखकों ने कई बातें लिखीं जो नए नियम का भाग नहीं हुआ। (2) मसीह के प्रेरितों और अन्य अभिषिक्त लोगों को परमेश्वर ने उनके मौखिक और लिखित शब्दों में अगुआई की। पौलुस ने अपने पिछली पत्री का संदर्भ इसलिए दिया क्योंकि वह भी वर्तमान पत्री के समान आधिकारिक था। (3) नए नियम की पुस्तकों के निर्धारण में पवित्र आत्मा ने जैसे अगुआई की वैसे ही उसी की इच्छा के अनुसार पुस्तकों का संकलन किया गया। मसीहियों का यह विश्वास है कि पवित्र आत्मा ने न केवल उन्हीं दस्तावेज़ों को नए नियम में संकलन हेतु प्रेरणा प्रदान किया बल्कि उसने कलीसिया में और कलीसिया के द्वारा कार्य किया ताकि इन दस्तावेज़ों को भविष्य के विश्वासियों के उपदेश और दिशा निर्देशन के लिए संरक्षित किया जा सके। (4) केनन बंद हो चुका है। यदि आज कोई दस्तावेज़ सामने आ जाए और इसकी पहचान पौलुस या यूहन्ना द्वारा लिखे जाने की जाए, तो यह नए नियम का भाग नहीं समझा जाएगा। पवित्र आत्मा ने केनन का निर्धारण करने में अपना कार्य पहले ही समाप्त कर लिया है।

आयत 10. नैतिक पवित्रता की बुलाहट की पहचान, स्पष्ट रूप से इस संसार से अलग होने की बुलाहट के साथ की गई है। संभवतः पौलुस के विरोधियों ने उसके उपदेश को इस बात का प्रमाण माना कि उसने अपने पाठकों से जीवन का

अव्यवहारिक व्यवहार करने की मांग की है। प्रेरित ने अपने आदेश की पुष्टि 5:9-13 में की है।

उसने कहा, एक मसीही **इस संसार के अनैतिक लोगों के साथ** अपना सभी संबंध समाप्त नहीं कर सकता है। इस प्रकार लोगों से संपर्क समाप्त करने का तात्पर्य यह हुआ कि उन्हें **इस संसार से चले जाना चाहिए**। फिर भी, मसीहियों को, प्रभु की देह में, उस प्रकार के व्यवहार के बारे में, जिसकी वे प्रशंसा या कम से कम बर्दाश्त करते हैं, कुछ बोलना चाहिए। ताकि उसके पाठक यह न समझे कि अन्य पापों के बजाय, व्यभिचार किसी अन्य श्रेणी के पापों के अंतर्गत रखा गया था। यहाँ प्रेरित ने पापों की सूची में **लोभियों और अंधेर करने वालों [और] मूर्तिपूजकों को भी जोड़ दिया**। ऐसा लगता है कि जो पाप उसने गिनवाया उसका उस व्यक्ति के पाप से, जो अपने पिता के पत्नी के साथ रहता था, कोई सीधा संबंध नहीं था।

सदियों से एक अनवरत स्वर यह वाद-विवाद करता रहा है कि मसीही लोग अपने आपको एकांत समुदाय में रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, वे संसार के दरवाज़े को बंद कर देंगे ताकि पवित्रता उनके बीच शासन करे। इस मत के प्रत्युत्तर में मठों का जन्म हुआ। यीशु ने अपने अनुयायियों को अलग होने के बजाय इससे भी कठिन कार्य दिया। उसने उन्हें जगत में जाने का निर्देश दिया और अपनी पवित्रता को बनाए रखते हुए, पापियों को शिक्षा देने के लिए कहा ताकि वे उनको विश्वास तथा भलाई के द्वारा प्रभावित कर सके। कलीसिया अपने आपको दीवार के पीछे छिपाकर संसारिकता से अलग नहीं रख सकती है। यह नरक का द्वार है जो परमेश्वर की कलीसिया के विरूद्ध रक्षात्मक होगा (मत्ती 16:18)। मसीहियों को उनसे नहीं भागना है जो परमेश्वर को नहीं जानते हैं; हमें पापों के दासों का सामना करना है और स्वतंत्रता और जीवन के मार्ग में उनकी आगवानी करना है।

आयत 11. पिछली पत्री में, पौलुस ने विश्वासियों के लिए संसार के साथ आवश्यक परस्पर व्यवहार के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिए थे। यीशु ने ऐसा अपनी शिक्षाओं में किया था: वे जहाँ भी रहें, उसके अनुयायियों को अन्धों के लिए ज्योति, पहाड़ पर बसा हुआ नगर होना था (मत्ती 5:14)। पौलुस की पिछली पत्री ने अविश्वासियों को संबोधित नहीं किया था। वरन, उसने कुरिन्थुस के मसीहियों को निर्देश दिए कि **यदि कोई भाई कहला कर, व्यभिचारी हो, तो उस की संगति मत करना**। जैसा कि उसने पहले किया था, पौलुस ने अनैतिक होने को व्यापक करते हुए **लोभी, या मूर्तिपूजक, या गाली देने वाला, या पियक्कड़, या अंधेर करने वालों को भी सम्मिलित किया**। एक विश्वासयोग्य मसीही को किसी ऐसे "भाई" के साथ जो इन पापों का दोषी हो **खाना भी न खाना था**।

पौलुस के निर्देश यीशु के विरुद्ध उसके शत्रुओं द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में प्रश्न उठाते हैं। फरीसियों ने शिष्यों से पूछा, "तुम्हारा गुरू महसूल लेने वालों और पापियों के साथ क्यों खाता है?" (मत्ती 9:11)। क्या यीशु के साथ

मेज़ पर बैठने वाले पापियों को परमेश्वर के लोग बनने का अवसर नहीं था, कोरिन्थ के कुछ भाइयों के समान जो मसीही बनने पर अनैतिकता से मुड गए थे? क्या यीशु उनकी जीवन-शैली को प्रोत्साहित करते थे? एक मसीही विश्वासी के लिए सामाजिक तौर पर किसी ऐसे के साथ व्यवहार रखना जो अपने आप को विश्वासी कहता है परन्तु परमेश्वर की इच्छा की खुली अवहेलना में रहता है मसीही के उद्देश्यों पर निर्भर करेगा। यदि किसी का उद्देश्य एक पापी जन की ओर परमेश्वर के प्रेम के सन्देश के साथ हाथ बढ़ाना और उसे पश्चाताप करने के लिए आग्रह करना है, तो फिर "ऐसे के साथ खाना खाना" परमेश्वर की महिमा के लिए होगा। किंतु, किसी बिंदु पर पहुँचकर पाप में रहने वाले मनुष्य के साथ खाना खाना पापी के व्यवहार को नज़रंदाज़ करता है। कम से कम, अविश्वासियों के लिए यह गलत धारणा छोड़ता है। जो मसीह के सुसमाचार से प्रभावित हो सकते हैं वे मसीह की कलीसिया पर पवित्र जीवन जीने के विषय बातें करने परन्तु ऐसे जीवन के प्रति गंभीर न होने का आरोप लगा सकते हैं।

आयत 12. पौलुस चाहता था कि कुरिन्थ की कलीसिया यह जान ले कि जो मसीह से बाहर हैं उनके लिए मसीही सन्देश है कि वे विश्वास करें कि यीशु ही परमेश्वर का पुत्र मसीह है; अपने पापों से पश्चाताप करें; और उसमें बपतिस्मा लें। प्रेरित ने आलंकारितापूर्वक पूछा, **क्योंकि मुझे बाहर वालों का न्याय करने से क्या काम?** यह मसीही का उत्तरदायित्व नहीं है कि वह अविश्वासियों के प्रत्येक पाप का न्याय करे। अविश्वासी पर उसके पियक्कड़ होने या उसके लालच के लिए उस पर दोष लगाने के स्थान पर मसीही की ज़िम्मेदारी है कि वह उन्हें मनाए कि कोई धर्मी नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को पापों की क्षमा तथा मसीह के क्रूस से आने वाले अनुग्रह की आवश्यकता है। प्रभु सभी पापियों को छुटकारे की मेज़ पर बुलाता है।

मसीही के लिए **भीतर वालों का न्याय करना** एक अलग बात है। ऐसे न्याय की आवश्यकता रहती है। लेकिन यह मसीहियों के लिए एक दूसरे के पापों के बारे में जानने के लिए भाइयों पर दृष्टि रखने या उनकी जासूसी करने का कोई बहाना नहीं है। न ही यह हमें औरों के उद्देश्यों का न्याय करने का कोई अधिकार देता है (मत्ती 7:1, 2; याकूब 4:11)। परन्तु इसका यह अर्थ अवश्य है कि यदि कोई सदस्य खुले और पश्चातापरहित पाप में रहता है तो, मसीहियों को मिलकर पापी व्यवहार की भर्त्सना करनी चाहिए। यहूदा ने विश्वासियों को शिक्षा दी कि "बहुतों को आग में से झपट कर निकालो ..." (यहूदा 23)।

आयत 13. अविश्वासियों को मसीह का प्रचार करने और उनसे मसीह की आज्ञाकारिता का आग्रह करने के पश्चात, मसीहियों को उनका न्याय परमेश्वर के हाथों में छोड़ देना चाहिए। इसी बीच, कलीसिया को अपने ऐसे किसी भी सदस्य को निकाल देना चाहिए जो परमेश्वर के प्रति खुले विद्रोह में जी रहा है। प्रेरित ने 5:13 के इस निर्देश पर व्यवस्थाविवरण 17:7 को उद्धृत कर के बल दिया: इसी रीति से **ऐसी बुराई को अपने मध्य से दूर करना**।

इस मुद्दे पर पौलुस के निर्देषों का पालन करना कठिन है क्योंकि कलीसिया

को अपने सदस्यों का पालन-पोषण और प्रोत्साहन करना है कि जब वे पश्चाताप करें तो वे पापियों को क्षमा करें, और उनके प्रति दया और करुणा के साथ व्यवहार करें। दया और कृपा को कभी पृथक नहीं किया जा सकता है; परन्तु जब मसीही होने का दावा करने वाला परमेश्वर के विरुद्ध खुले विद्रोह में अड़ा रहता है, तो कलीसिया ऐसे व्यवहार को स्वीकार नहीं कर सकती है। यह चाहे कितना भी कठिन और जोखिम भरा क्यों न हो, कलीसिया को अपने पथभ्रष्ट सदस्यों को अनुशासित करना ही होगा।

अनुप्रयोग

स्पष्ट वार्तालाप के लिए बुलाना

निर्देश सदा स्पष्ट नहीं होते हैं। मान लीजिए कि बच्चों की किसी बोतल पर लिखा है, "जब बच्चा बोतल से पी ले, तो उसके सब भागों को खोलकर बहते पानी के नीचे रख देना चाहिए। यदि बच्चा ताज़े दूध द्वारा बढ़ नहीं रहा है, तो उसे उबालना चाहिए।" यदि लेखक सर्वनाम "उसे" पर ध्यान देता तो अधिक स्पष्टता (और कम शर्मिन्दगी) होती।

बहुतेरों को इससे विकृत संतुष्टि मिलाती है कि प्रेरित पौलुस को भी स्पष्टता की समस्या होती थी। संभवतः उसने अपने आप को स्पष्ट नहीं किया था जब उसने कुरिन्थी मसीहियों को निर्देश दिया कि वे अनैतिक लोगों के साथ मेल-जोल न रखें (5:9)। यह भले कारण से था, पौलुस चाहता था कि कुरिन्थी उसे अवसर दें कि वह उसे स्पष्ट करे जो वह चाहता था कि वे करें। यदि अन्यजातियों के लिए नियुक्त प्रेरित चाहता था कि मसीही धीरजवंत हों, इस पर ध्यान दें, और उसे फिर से समझाने दें, तो आज के मसीहियों के लिए भला होगा कि वे यही आदर प्राचीनों और प्रचारकों को दें। अधिकांश लोग, कभी न कभी बात को स्पष्ट रीति से नहीं कह पाते हैं।

पाप के साथ व्यवहार

जब तक मंडलियां अपने सदस्यों पर किसी प्रकार का अनुशासन लागू नहीं कर सकती हैं, तब तक कलीसिया एक समान विश्वास से परिभाषित तथा एक ही प्रकार के जीवन से बंधी हुई नहीं हो सकती है। जब कोरिन्थ की मंडली ने अपने एक ऐसे सदस्य को सहन कर लिया जो प्रत्यक्षतः पाप में जी रहा था, तो उन्होंने मसीह की देह की पवित्रता के साथ समझौता किया। कलीसिया में अनुशासन का पालन करवाना मसीही समाज के लिए सबसे कठिन बातों में से एक है। दो प्रकार की कलीसियाएं विद्यमान हैं: (1) वे जिन्होंने कभी किसी भाई अथवा बहन का सामना नहीं किया है और पश्चाताप तथा परिवर्तन के लिए कभी ज़ोर नहीं दिया है और (2) वे जिन्होंने अपने किसी सदस्य को अनुशासित करके अपमानित किया है। कलीसिया में अनुशासन बिना समस्याओं के होना दुर्लभ है।

प्रभावी होने के लिए अनुशासन को अनुरूपता से लागू करना चाहिए। इससे कोई अर्थ नहीं निकलता है कि कलीसिया उसे संगति मना करे जो यदा-कदा ही आता है, परन्तु उस पति को संगति प्रदान करे जो अपनी पत्नि को पीटने के लिए जाना जाता है। क्या चोरी करना लोभ करने से अधिक गंभीर पाप है? क्या झूठे को संगति से बाहर कर देना चाहिए किंतु कानाफूसी का स्वागत होना चाहिए? सभी मसीहियों के जीवन में पाप होता है। पौलुस ने लिखा, "कोई धर्मी नहीं, एक भी नहीं" (रोम.3:10)। कोई अचरज की बात नहीं है कि मंडलियां और मसीही अगुवे अनुशासन की बातों को लेकर संघर्ष करते हैं!

अनुशासन को उचित निर्देशों के अनुसार लागू करना चाहिए। उस व्यक्ति के संबंध में पौलुस के निर्देश, जो अपने पिता की पत्नि के साथ रह रहा था, अनुशासन के लिए सहायतार्थ दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। पहली बात, उस व्यक्ति के पाप सार्वजनिक थे। सभी पाप इतनी व्यापक रीति से नहीं जाने जाते हैं। जब कोई भाई या बहन सबको दिखाते हुए पाप प्रदर्शित करते हैं तो कलीसिया को सामाजिक अनुशासन लागू करना चाहिए। सार्वजनिक पाप का प्रत्युत्तर भी सार्वजनिक ही होना चाहिए।

दूसरा, उस व्यक्ति का पाप ऐसा था कि उसके कारण गैर-मसीहियों के सामने कलीसिया की प्रतिष्ठा पर धब्बा लग रहा था। उससे विश्वास की माँग नगण्य हो रही थी। इसे नकारात्मक रीति से कहा जाए तो, उस व्यक्ति का पाप कोई अपशब्द नहीं था जब वह उग्र हुआ, न ही वह प्रार्थना करना अथवा अपनी बाइबल पढ़ना था। वह ऐसा पाप था जिसे अभक्त भी घिनौना मानते थे। तीसरा, वह व्यक्ति भली-भांति जानता था कि उसके व्यवहार का प्रभु की इच्छा के साथ मेल नहीं हो सकता है। वह अपने पाप पर इठला रहा था। चौथा, संभवतः मसीहियों ने उसे अकेले में समझाया था (मत्ती 18:15-17)। पाँचवाँ, अनुशासन का दोहरा उद्देश्य था कि बाहर वालों के सामने कलीसिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखें (1 कुरि. 5:1) और पापी की आत्मा को उस पाप से बचाए जिसमें वह पड़ता जा रहा था (5:5)। अनुशासन का उद्देश्य व्यक्तिगत क्रोध व्यक्त करना, बदला लेना, अथवा दोषी को दण्ड देना नहीं है।

समाप्ति नोट्स

[1]बेन विदरिंग्टन III, *कॉफ्लिक्ट एण्ड कम्युनीटी इन कोरिंथः ए सोसियो-रहटोरिकल कमेंट्री आन 1 एण्ड 2 कोरिंथियंस* (ग्रैंड रैपिड्स, मीशीगनः विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1995), 156. [2]फ्रेडरिक हॉक और सिगफ्राइड शूल्ज, "πόρνη, πόρνος, πορνεία, πορνεύω, ἐκπορνεύω," इन *थियोलॉजिकल डिक्शनरी आफ द न्यू टेस्टामेंट*, एड. गेरहार्ड किट्टल, ट्रांस. ऐन्ड एड. जिओफ्रे डब्ल्यू. ब्रोमिली (ग्रान्ड रेपिड्स, मिश.: विम. बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1971), 6:587. [3]फ्रांसिस सैफर, *दी गॉड हु इस दयेर* (लन्दनः होड्डर एंड स्टोहटन, 1968), 155. [4]अपुलियुस की कथा *मेटामोरफोसिस* (जो गोल्डन ऐस के नाम से भी जाना जाता है, और जो लातीनी में एकलौता प्राचीन रोमी उपन्यास है) एक उदाहरण है।